# Page Three Classified

**Adds can be booked under these Categories : (all day publication)**

Recruitment
Property
Business Opportunity
Vehicles
Announcements
Antiques & Collectables
Barter
Books
Computers
Domain Names
Education
Miscellaneous
Entertainment & Event
Hobbies & Interests
Services
Jewellery & Watches
Music
Obituary
Pets & Animals
Retail
Sales & Bargains
Health & Sports
Travel

**Matrimonial (Sunday Only)**



**अब मात्र रु. 20 प्रति शब्द**


# कोरोना मरीजों की तादात बढ़ने से अस्पताल में पड़ने लगी जगह कम

**दिक्कतें**

## गोलीहाट व बेरीनागके संक्रमित मरीजों को जिले में नही किया जायेगा आइसोलेट

**निर्मल भट्ट। विशेष रिपोट**

पिथौरागढ। जिले में अभी तक 509 कोरोना पाजिटिव केस पाये गये है। जिसमें 361 मरीज स्वस्थ होकर घर जा चुके है। जिले मे 146 कोरोना के एक्टिव केस मौजूद है। जानकारी के मुताबिक अभी तक जिले में तीन लागो की कोरोना से मौत हो चुकी है। आलम यह है कि जिले में अब हर दिन कोरोना मरीजों की तादात लगाातार बढ़ने से जिले के बेस अस्पताल में संक्रमित मरीजों को रखने के लिए जगह कम पड़ने लगी है। कोरोना संक्रमित मरीजों के लिए जिले में कही पीने को गरम पानी नही मिल पा रहा है तो कई मरीजो को अन्य समस्याओं से भी दो चार होना पड़ रहा है।

आलम यह है कि जिले मे कोरोना संक्रमित मरीज इलाज को मोहताज हो रहे है। जिले में इलाज की कमी के चलते गंभीर तौर से बीमार संक्रमण से जूझ रहे मरीज दम तोड़ रहे है। जिले में बढ़ते कोरोना



के मरीजों की तादात ने जिले के अस्पताल प्रबंधन की व्यवस्थाओं पर सवाल खड़े करने शुरू कर दिये है।

जिले के बेस अस्पताल व जिला अस्पताल मे कोरोना मरीजों की बढ़ती तादात अस्पताल प्रबंधन के दावों की पोल खोलती नजर आ रही है। वही दूसरी ओर जिले में कोरोना मरीजों को अस्पताल में न तो पीने के लिए गरम पानी दिया जा रहा है और न ही उन्हें दवाइयां भी तय समय पर मिल पा रही है। मौके पर जगह जगह फैली गंदगी को भी साफ नही किया जा रहा है। कोरोना मरीजों के इलाज के लिए मिलने वाले सरकारी बजट को कहां खर्च किया जा रहा है वह ब्यौरा भी अस्पताल महकमा देने को तैयार नही है। जिन संक्रमित मरीजों की स्थिति ठीक है वे जिले के प्राइवेट कोरोना सेंटरों में बुकिगं कराकर वहां आइसोलेट हो रहे है। बेस अस्पताल में भर्ती किये जा रहे मरीजों की कोई सुध लेनेवाला नही है।

बता दें कि जहां एक ओर जिले के बेस अस्पताल में करीबन दो सौ लोगों के लिए आइसोलेशन बेड रखे होने के दावे किये जा रहे है। जिले के अस्पतालों में अब रोजाना बढ़ रहे कोरोना मरीजों की तादात को देखते हुए क्षेत्र गंगोलीहाट व बेरीनाग के संक्रमित मरीजों को जिला अस्पताल में आइसोलेशन कराने के बजाय स्वास्थ विभाग चौकोडी में ही कोविड केयर सेंटर स्थापित करने की बात कह रहा है। बता दें कि इससे पहले 80 किमी दूर क्षेत्र से जिला मुख्यालय इन कोरोना संक्रमित मरीजों को इलाज के लिए भेजा जाता था। अब वही जिले में लगातार बढ़ते कोरोना मरीजों की तादात व जगह की कमी सूचना मिलने पर क्षेत्र के कोरोना केयर सेंटर में रखने की पूरी व्यवस्था की जा रही है।

जिले के मुख्य चिकित्साधिकारी डां. हरीश चन्द्र पंत ने कहा कि जिले के बेस अस्पताल व जिला अस्पताल में वास्तव में कारोना मरीजों की बढ़ती तादात व जगह की कमी आने लगी है। इस बात से इनकार नही किया जा सकता है। वही इस मामले पर जल्द से जल्द त्वरित कारवाही की जायेगी।

## न्यूज डायरी

### बेरोजगारी को लेकर कुमाऊं भर में विरोध–प्रदर्शन कर सरकार को घेरा

**संवाददाता** हल्द्वानी। बढ़ती बेराजगार के खिलाफ कांग्रेस ने शनिवार को प्रदेश भर में हल्ला बोला। कुमाऊं के सभी जिलों में कांग्रेस पदाधिकारियों और कार्यकर्ताओं ने विरोध–प्रदर्शन कर भाजपा सरकार और मुख्यमंत्री त्रिवेन्द्र रावत के खिलाफ आवाज बुलंद की। इस दौरा वक्ताओं ने कहा कि प्रदेश सरकार के सारे दावे फेल नजर आए। अधिकांश प्रवासी रोजगार के अभाव में महानगरों को वापस लौट चुके हैं। सरकार का रोजगार विज्ञापन तक ही सीमित है। धरातल पर भाजपा के सारे दावे फेल हैं। पिछले साढ़े तीन साल में राज्य सरकार ने किसी भी विभाग में रिक्त पदों पर नियुक्ति नहीं की है। ऐसे में प्रदेश के मुख्यमंत्री को कुर्सी पर बैठे रहने का कोई हक नहीं है। वक्ताओं ने कहा कि बेरोजगारों को रोजगार दिलाने के लिए यह संघर्ष आगे भी जारी रहेगा।

### अखाड़ा परिषद का प्रतिनिधिमण्डल यूपी के मुख्यमंत्री से मिला

**संवाददाता** हरिद्वार। बैरागी कैम्प में बैरागी अखाड़ो द्वारा बनाए गए चार मन्दिरों को अवैध अतिक्रमण घोषित किए जाने के मामले को लेकर जहां अखिल भारतीय अखाड़ा परिषद ने उच्चतम न्यायालय में याचिका एसएलपी दायर कर दी है। वही इस भूमि पर विधिवत रूप से अखाड़ो को सौपे जाने के लिए कार्यवाही भी प्रारम्भ कर दी है। अखाड़ा परिषद ने मुख्यमंत्री योगी को वस्तु स्थिति से अवगत करतो हुए बैरागी कैम्प की उक्त भूमि को बैरागी अखाड़ों को लीज पर दिए जाने का अनुरोध किया। उत्तर प्रदेश सरकार से उक्त भूमि को लीज पर दिए जाने की मांग की गयी है।

### आईसीआईसीआई प्रूडेंशियल लाइफ ने एनएसडीएल पेमेंट्स बैंक के साथ समझौता किया

**संवाददाता** देहरादून। आईसीआईसीआई प्रूडेंशियल लाइफ इंश्योरेंस ने भारत के सबसे बड़े डिपॉजिटरी एन एसडीएल की सहायक कंपनी एन एसडीएल पेमेंट्स बैंक के साथ एक कॉर्पोरेट एजेंसी समझौता किया है। समझौते के तहत, आईसीआईसीआई प्रूडेंशियल लाइफ एनएसडीएल पेमेंट्स बैंक के ग्राहकों को अपने ग्राहक–केंद्रित सुरक्षा और बचत उत्पाद प्रदान करेगा। ये बीमा उत्पाद एन एसडीएल पेमेंट्स बैंक ग्राहकों को उनके परिवार को वित्तीय सुरक्षा प्रदान करने में मदद करेंगे ताकि उन्हें अपने वित्तीय लक्ष्य हासिल करने में मदद मिल सके। पीओएस जीवन बीमा उत्पादों को समझना बहुत आसान है और इसे पूरी तरह से परेशानी मुक्त तरीके से खरीदा जा सकता है। आईसीआईसीआई प्रूडेंशियल लाइफ इंश्योरेंस के साथ साझेदारी एक महत्वपूर्ण है।

## ‘आप’ पार्टी के प्रदेश पर्यवेक्षक ने कहा दिल्ली जैसा मॉडल बनेगा उत्तराखंड

बागेश्वर। आम आदमी पार्टी के प्रदेश पर्यवेक्षक दीवान सिंह नयाल ने कहा कि उत्तराखंड में समस्याओं का अंबार लगा हुआ है। यहां शिक्षा और स्वास्थ बदतर है। बिजली उत्तराखंड पैदा कर रहा है और भारी भरकम बिल भी भर रहा है। उन्होंने कहा कि आम आदमी पार्टी लोगों को सुविधाएं देना चाहती है और दिल्ली जैसा मॉडल उत्तराखंड को बनाना चाहती है। शनिवार को स्थानीय होटल में आयोजित कार्यकर्ताओं की बैठक में प्रदेश पर्यवेक्षक नयाल ने कहा कि उत्तराखंड में भाजपा और कांग्रेस ने जमकर भ्रष्टाचार किया है। बिजली उत्तराखंड पैदा कर रहा है और लोग भारी–भरकम बिल दे रहे हैं। जबकि दिल्ली में 200 यूनिट तक बिजली उपभोक्ताओं को मुफ्त दी जा रही है। जबकि दिल्ली में बिजली का उत्पादन नहीं होता है। पानी की कोई ठोस व्यवस्था नहीं है। गांवों में पानी पहुंचाने में भाजपा–कांग्रेस पूरी तरह नाकाम हैं और साफ पानी दिए बगैर बिल वसूल लिए जा रहे हैं। स्वास्थ सेवा के नाम पर भी राज्य के लोगों को ठगा गया है। प्रसूता को यहां के अस्पतालों से रेफर कर दिया जाता है और उसकी जान पर बन आती है।



## जानवरों की सेवा करने पर मिला सुरेश को कोरोना वारियर्स

**संवाददाता** पिथौरागढ। जिले में कुछ लोग ऐसे भी है जो समाज केलिए कुछ कर गुजरने की चाह रखते है। वही सीमांत जनपद मुख्यालय में भी बेजुबान जानवरों की सेवा में कोरोना संक्रमण के दौरान जिले के युवा समाज सेवक सुरेश पांडे ने दिन रात बखूबी सेवा कर अपनी जिम्मेदारी निभाई। बता दें कि सुरेश ने बिना किसी मदद के अपने बल पर सडक पर घूम रहे आवारा जानवरों के लिए मसीहा बनकर उनकी हर पल सेवा की। वही बीते दस सितंबर को पंत जयंती के अवसर पर सुरेश पांडे को जिला अधिकारी पिथौरागढ द्वारा कोरोना वारियर्स के तौर पर कार्य करने पर सम्मान दिया गया। वही श्री सुरेश के कार्यो की सराहना भी की। वही जिले के लोगों को व अन्य सामाजिक संगठनों से सुरेश के कार्यो से प्रेरणा लेने की बात कही। सुरेश ने कहा है कि वे अपना अभियान आगे भी जारी रखेगे। वह अपने निजी प्रयासों से यह सेवा आगे भी जारी रखेगे।

# बेरोजगारों के रोजगार के लिए कांग्रेसियों ने दिया धरना–प्रदर्शन

**सवांददाता**

■एसडीएम के मार्फत राज्यपाल को भेजा ज्ञापन

■प्रदेशस्तरीय कॉग्रेस के आह्वान पर एकदिवसीय सांकेतिक धरना

पुरोला। शनिवार को तहसील प्रांगण में कांग्रेस के आह्वान पर पुरोला,मोरी पदाधिकारियों व कार्यकर्ताओं ने एक दिवसीय धरना–प्रदर्शन कर उपजिलाधिकारी सोहन सिंह सैनी के माध्यम से सूबे के राज्यपाल को ज्ञापन प्रेषित किया।

धरने पर बैठे कार्यकर्ताओं को संबोधित करते हुए कांग्रेस के जिलाध्यक्ष राजेंद्र सिंह राणा,नगर पंचायत अध्यक्ष हरिमोहन नेगी,कांग्रेस ब्लॉक अध्यक्ष किसन सिंह रावत ने प्रदेश की भाजपा सरकार को बेरोजगार विरोधी कहा,उन्होंने कहा कि सरकार बेरोजगारों को रोजगार देने व विकास के हर मोर्चे पर विफल साबित हो रही है। कहा कि सरकार आउटसोर्स के माध्यम से केवल अपने चहेतों को रोजगार देने का काम कर रही है । वक्तताओं ने कहा कि कोरोना वैश्विक महामारी को रोकने की सरकार के पास कोई ठोस रणनीति नही है,जनता को गुमराह कर रही है सरकार प्रवासियों को रोजगार देने में पूर्णरूप से विफलता के साथ अपनी नाकामियों को छुपाने के लिए जनता को गुमराह कर




रही है।

धरना–प्रदर्शन करने वालों में जयेन्द्र सिंह रावत,पूर्व नपंअ प्यारेलाल हिमानी,रेखा नौटियाल जोशी, प्रकाश कुमार,सुनीता,जयेंद्र सिंह राणा,मोहन राजपाल रावत, जगदीश गुसाई,भरत लाल,बिहारी शाह,यशवंत राणा आदि दर्जनों कार्यकर्ता मौजूद रहे।

### पवित्र छड़ी पूजा अर्चना के बाद बागेश्वर रवाना

**संवाददाता** हरिद्वार। श्रीपंच दशनाम जूना अखाड़ा द्वारा उत्तराखण्ड के सभी पवित्र तीर्थो तथा चारों धाम की यात्र हेतू निकाले जानी वाली पवित्र छड़ी यात्र शनिवार को विधि विधान के साथ हरिद्वार की अधिष्ठात्री देवी मायादेवी मन्दिर में पूजा अर्चना के पश्चात बागेश्वर के लिए रवाना हो गयी है। जूना अखाड़े के वयोवृद्व तपस्वी संत पूर्व सभापति श्रीमहंत सोहन गिरि,छड़ी यात्र के प्रमुख व अखाड़े के राष्ट्रीय सभापति श्रीमहंत प्रेमगिरि, सचिव श्रीमहंत महेश पुरी, सचिव श्रीमहंत शैलेन्द्र गिरि, कोठारी लाल भारती, कारोबारी महादेवा नंद गिरि, पुजारी परमानंद गिरि आदि के सानिध्य में उपजिलाधिकारी गोपाल सिंह चौहान, हरिद्वार नगर कोतवाली प्रभारी अमरजीत सिंह, व्यापार मण्डल के राष्ट्रीय उपाध्यक्ष कैलाश कैशवानी, पार्षद विनीत जौली ने मायादेवी मन्दिर में पवित्र छड़ी की पूजा अर्चना की तथा शोभायात्र के रूप में श्रीभैरव मन्दिर, भैरव घाट में पूजा अर्चना के पश्चात श्री दुखहरण मन्दिर हनुमान घाट प्राचीन जूना अखाड़ा घाट पहुचे।